<u>हिन्दी सप्ताह 2021 : एक रिपोर्ट (14-20 सितंबर, 2021)</u>

मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू यूनिवर्सिटी द्वारा 14 से 18 सितंबर 2021 के दौरान हिन्दी सप्ताह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ यूनिवर्सिटी के प्रभारी कुलसचिव द्वारा 14 सितंबर 2021 को हिन्दी दिवस - 2021 पोस्टर के लोकार्पण से किया गया।

हिन्दी सप्ताह के दौरान कोविड-19 को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यक्रम एवं प्रतियोगिताएँ ऑनलाइन आयोजित की गई।

सप्ताह के आरम्भ में प्रशासनिक भवन में हिन्दी की प्रमुख सुक्तियों को प्रदर्शित करते हुए बैनर तथा स्टैन्डी लगाए गए।

दिनांक 15 सितंबर 2021 को राजभाषा से संबंधित राजभाषा प्रश्नोत्तरी का आयोजन किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने अधिक संख्या में सहभागिता की तथा हिन्दी के प्रचार-प्रसार के लिए हरसंभव प्रयास करने का वचन लिया।

17 सितंबर 2021 को हिन्दी शिक्षण योजना की हिन्दी प्राध्यापिका डॉ.सीमा वर्मा द्वारा **"राजभाषा हिन्दी एवं कार्यालयीन पत्राचार"** पर ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसकी अध्यक्षता विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव प्रो. सिद्दीकी मोहम्मद महमूद द्वारा की गई। हिन्दी अधिकारी डॉ.शगुफ़्ता परवीन ने राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार से प्राप्त राजभाषा प्रतिज्ञा पढ़ी।

हिन्दी सप्ताह का समापन हिन्दी अधिकारी द्वारा सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

कुलसचिव द्वारा हिन्दी दिवस पोस्टर का लोकार्पण

हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में माननीय गृह मंत्री अमित शाह का संदेश

हिन्दी शिक्षण योजना की हिन्दी प्राध्यापिका डॉ.सीमा वर्मा द्वारा ऑनलाइन व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

ऑनलाइन राजभाषा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

हिन्दी सप्ताह समापन समारोह (ऑनलाइन)